पीएम आज शहर में, मेट्रो की देंगे सौगात

निरालानगर रेलवे मैदान में जनसभा को करेंगे संबोधित, बीपीसीएल टर्मिनल का भी करेंगे लोकार्पण

9 किमी लंबे आईआईटी से मोतीझील तक मेट्रो के प्राथमिकता सेक्शन पर अब कनपुरिए करेंगे सफर

350 करोड़ की लागत से मध्यप्रदेश के बीना से पनकी तक बिछाई गई है बीपीसीएल की पाइप लाइन

माई सिटी रिपोर्टर

कानपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को लगभग पांच घंटे कानपुर में रहेंगे। सबसे पहले वह आईआईटी के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। यहां मेधावियों को मेडल देकर सम्मानित करेंगे। इसके बाद आईआईटी से गीतानगर तक मेट्रो का सफर करेंगे। यहां से वह निरालानगर रेलवे मैदान पहुंचेंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे। साथ ही मेट्रो ट्रेन और बीपीसीएल के टर्मिनल का लोकार्पण करेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी सुबह 10:25 बजे शहर पहुंचेंगे और दोपहर 3:20 बजे यहां से रवाना होंगे। आईआईटी के दीक्षांत और मेट्रो ट्रेन में सफर के बाद वह सड़क मार्ग से चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय स्थित हेलीपैड पहुंचेंगे। वहां से हेलीकाप्टर से रैली स्थल पहुंचेंगे। यहीं पर दोनों परियोजनाओं का बटन दबाकर लोकार्पण करेंगे। मेट्रो के प्राथमिकता सेक्शन में आईआईटी से मोतीझील तक नौ किमी लंबे ट्रैक पर कॉमर्शियल रन शुरू किया जा रहा है। इस सेक्शन में नौ स्टेशन हैं। वैसे कानपुर में मेट्रो परियोजना बजट 11076 करोड़ रुपये है। इसके अलावा मध्यप्रदेश के बीना से पनकी तक बिछाई गई बीपीसीएल (भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड) की पाइप लाइन के टर्मिनल का भी प्रधानमंत्री लोकार्पण करेंगे। यह प्रोजेक्ट 350 करोड़ रुपये से पूरा हुआ है। इसके शुरू होने से पूर्वी उत्तर प्रदेश के जिलों में डीजल-पेट्रोल की आपूर्ति ट्रेनों के वैगनों के माध्यम से की जा सकेगी। प्रधानमंत्री विभिन्न सरकारी योजनाओं के 25 लाभार्थियों से सीधे मुखातिब होंगे। उनके साथ राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी भी रहेंगे। >> आप कल से करें मेट्रो में सफर: माईसिटी 1